## चोरी करने वाले पांच गिरफ्तार

**उदयपुर ।** हिरणमगरी थाना पुलिस ने बस स्टेण्ड व आसपास भीड़भाड़ वाले इलाकों में आमजन को चकमा देकर जेब तराशी कर नकदी चोर तीन महिला सहित पांच आरोपी गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार बुधवार को हिरणमगरी थानाधिकारी करनाराम मय टीम परशुराम चौराहा पर ऑटों में बैठ कर अपराध करने की योजना बनाने की मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचे। जहां ऑटों में दो पुरूष व तीन महिलाए बैठी थी एवं उनकी गतिविधी संदिग्ध थी। पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। इस पर लक्ष्मण पुत्र देवाजी कालबेलिया निवासी बडला खेरवाड़ा, राजु पुत्र शंकर कालबेलिया निवासी जवास खेरवाड़ा, मीना पत्नी किशन कालबेलिया निवासी जवाब खेरवाड़ा, गंगा पत्नी बली कालबेलिया निवासी जवास खेरवाड़ा, कणी पत्नी नाना कालबेलिया निवासी जवाब थाना खेरवाड़ा को गिरफ्तार किया। तलाशी में लक्ष्मण व राजु के पास से ब्लेड व एक-एक लाख रूपये नकदी, सीता व गंगा के कब्जे से ब्लेड व 30-30 हजार रूपये नकदी, गंगा के कब्जे से मणी के कब्जे से ब्लेड व 20 हजार रूपये नकदी मिली।

# कलक्टर ने बड़गांव से लेकर बलीचा तक देखे यु.डी.ए. के विकास कार्य

**उदयपुर, ।** जिला कलक्टर नमित मेहता ने गुरूवार सुबह शहर के बाहरी क्षेत्र का मैराथन दौरा कर उदयपुर विकास प्राधिकरण के माध्यम से कराए जा रहे विकास कार्यों तथा प्रस्तावित प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलक्टर मेहता गुरूवार सुबह करीब पौने आठ बजे सर्किट हाउस से रवाना हुए। इस दौरान युडीए आयुक्त राहुल जैन, अधीक्षण अभियंता अनित माथुर भी साथ रहे। जिला कलक्टर सर्वप्रथम बडगांव पहुंचे। वहां उन्होंने सड़क निर्माण कार्य की प्रगति पर चर्चा की। साथ ही तकनीकी अड़चनों की जानकारी लेते हुए कार्य को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने बड़गांव में रामगिरी पहाडी पर युडीए के माध्यम से चल रहे विकास कार्यों का भी अवलोकन किया। राज्य बजट में उक्त पहाड़ी को ऑक्सीजन हब के रूप में तैयार किए जाने की घोषणा की गई है। जिला कलक्टर ने संबंधित क्षेत्र का अवलोकन करते हुए कहा कि यह बहुत सुकूनदायक और खूबसुरत है। उन्होंने नैसर्गिक सौंदर्य बनाए रखते हुए इसे नगरीय वन की तर्ज पर विकसित किए जाने के निर्देश दिए। इसके लिए यहां ट्रेक बनवाने, तलहटी में पार्किंग, टॉयलेट, कैफेटेरिया आदि विकसित करने को कहा। साथ ही उन्होंने वन विभाग से समन्वय करते हुए इस क्षेत्र में यदि संभव हो तो हिरण, मोर जैसे वन्यजीवों को भी नियमानुसार रखे जाने का सुझाव दिया।

जिला कलक्टर थूर की पाल में सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचे। वहां मौका मुआयना करने के साथ ही साइट मैप के जरिए सड़क व पुलिया की अवस्थिति और उपयोगिता की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने भुवाणा-प्रतापनगर फोरलेन वर्क का निरीक्षण किया। एमएलएसयू के स्वर्णजयंती द्वार के समीप निर्माणाधीन अण्डर पास का अवलोकन करते हुए अधिकारियों व संवेदकों से प्रगति जानी। उन्होंने कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराने, अण्डर पास की वॉल को मांडना आदि के द्वारा सुंदर बनाने के भी निर्देश दिए। इसके पश्चात जिला कलक्टर ने बलीचा-प्रतानगर फोरलेन वर्क का निरीक्षण किया। इस दौरान भूमिगत पाइप लाइनों के कारण रूके हुए काम की जानकारी लेते हुए आयुक्त राहुल जैन को इशू जल्द सॉल्व कराने को कहा। साथ ही आगामी बारिश के सीजन से पहले सड़क का काम पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पारस तिराहे पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर का भी निरीक्षण किया।

जिला कलक्टर ने अहमदाबाद हाइवे पर बलीचा बाइपास का भी अवलोकन किया। इस दौरान युडीए आयुक्त जैन ने उदयपुर शहर के एंट्री पोईन्ट को हादसों की दृष्टि से संवेदनशील बताते हुए बड़ा सर्कल एवं अण्डर अथवा ओवरब्रिज की आवश्यकता जताई। जिला कलक्टर ने इसके लिए सभी तथ्यों तथा संभावनाओं का अध्ययन करते हुए विस्तृत एवं ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर युडीए की दक्षिण विस्तार योजना स्थल पर भी पहुंचे। वहां युडीए के प्रगतिरत और प्रस्तावित कार्यों का मौका देखा। साथ ही सामुदायिक भवन का भी अवलोकन किया। युडीए ने भवन को पीपीपी मोड पर दिए जाने की प्रस्तावित कार्ययोजना से अवगत कराया। जिला कलक्टर ने भवन को क्षेत्र के लिए उपयोगी बताते हुए जल्द से जल्द प्रक्रिया पूर्ण करते हुए इसक संचालन प्रारंभ कराने के निर्देश दिए।

## ग्राम उत्कर्ष अभियान के क्रियान्विति बैठक

**उदयपुर ।** उदयपुर लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशा साफ और स्पष्ट है कि जनजातीय क्षेत्र का समग्र विकास होना चाहिए। धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के जरिए उदयपुर संसदीय क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास के कार्य करवाए जा सकते हैं। इसमें धन की कोई कमी नहीं है। जिला स्तरीय अधिकारी जनजातीय विकास के लिए आउट ऑफ बॉक्स सोचें।

सांसद डॉ रावत गुरुवार को जिला परिषद सभागार में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। सांसद डॉ रावत ने कहा कि अभियान के तहत जिस भी क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है उसे रोल मॉडल बनाएं। उदयपुर संसदीय क्षेत्र के 1 हजार से अधिक गांवों को इस अभियान के तहत चिन्हित किया गया है। ऐसे में विभिन्न विभागों के अधिकारी अपने विभाग से संबंधित विकास कार्यों की विस्तृत कार्य योजना तैयार करें और आवश्यकतानुसार प्रस्ताव तैयार करें।

## सार-समाचार

### सांसद करेंगे जनसुनवाई

**उदयपुर, ।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत नियमित रूप से जनसुनवाई करते हैं। इसी क्रम में सांसद डॉ रावत 28 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक जिला परिषद स्थित सांसद कार्यालय में उपस्थित रहकर आमजन से संवाद कर उनके अभाव-अभियोग सुनेंगे।

### दुष्कर्म का प्रयास

**उदयपुर, ।** घर में घुस कर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर पीडित ने आरोपी धुला पुत्र लाला निवासी पीपली बी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मेरी नाबालिग पुत्री गत दिनों अपने बडे पिता के घर मेहमान गई थी। इस दौरान वह अकेली थी। इसका पता चलने पर पिछा करते आरोपी वहां पहुंचा तथा घर में घुस कर मेरी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। इसका विरोध कर चिल्लाने पर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच ऋषभदेव थानाधिकरी भरतसिंह को सौंपी है।

### बंधक बना कर दुष्कर्म किया

**उदयपुर, ।** अपहरण कर महिला को बंधक बना उसके साथ दुष्कर्म करने एवं मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने विकास कुमार पत्रु अमृतलाल बडोडा निवासी बोखला थाना बिछिवाड़ा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। 14 जनवरी को मैं मजदूरी कर घर लौट रही थी। इस दौरान आरोपी मुझे छोड़ने के बहाने अपहरण कर अपने घर ले गया। जहां उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया। चिल्ला कर एतराज करने पर मेरे साथ मारपीट की तथा सोने का कांटा व मोबाईल छिन लिया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच खेरवाड़ा थानाधिकारी कर रहे है।

### छात्रा की सड़क हादसे में मौत

**उदयपुर, ।** शहर के गोवर्धन विला सथाना क्षैत्र हाइवे पर हुए सड़क हादसे में छात्रा की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र खरपीणा रोड़ पर हुए सड़क हादसे में स्कूटी से निचे गिरने पर गंभीर घायल सिंघटवाड़ा जावरमाइन्स निवासी कमला कुमारी (32) गंभीर घायल हो गई। जिसे परिजनों ने उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। कमला पड़ोसी के साथ स्कूटी पर बैठ कर उदयपुर रिट की परीक्षा देने के लिए आ रही थी। जहां बीच रास्ते हादसा हो गया।

### किसान की अकाल मौत

**उदयपुर, ।** खेत पर काम करते समय किसान की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषभदेव थाना क्षैत्र रायणा गांव निवासी हाजाराम (35) पुत्र राजेश मीणा बुधवार सांय अपने खेत पर फसल को पानी पिला रहा था। जहां उसकी अचानक तबीयत खराब होने पर परिजन उसे उपचार के लिए ऋषभदेव चिकित्सालय ले गए। जहां से रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल शंकरलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### महाराष्ट्र विधान परिषद अध्यक्ष प्रो राम शिंदे 1 को उदयपुर आएंगे

**उदयपुर, ।** महाराष्ट्र विधान परिषद के अध्यक्ष प्रो राम शिंदे 1 एवं 2 मार्च को उदयपुर क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। शिंदे 1 मार्च को सुबह 8 बजे वायुयान से डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पहुंचेगे। वहां से सड़क मार्ग से जालौर जिले के भीनमाल पहुंच कर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात् रात 8 बजे भीनमाल से प्रस्थान कर उदयपुर आएंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस उदयपुर में करेंगे। अगले दिन 2 मार्च को सुबह 6 बजे सड़क मार्ग से सांवलिया जी मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां से चित्तौडगढ़ जाएंगे। श्री शिंदे दोपहर 12 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंच कर वायुयान से मुंबई के लिए प्रस्थान करेंगे।

# शिल्पग्राम में 'ऋतु वसंत' उत्सव का शुभारंभ आज

**उदयपुर ।** शिल्पग्राम में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से 'ऋतु वसंत' उत्सव का शुभारंभ 28 फरवरी को होगा। यह तीन दिवसीय उत्सव 2 मार्च को संपन्न होगा। शिल्पग्राम में 'ऋतु वसंत' उत्सव का आगाज शुक्रवार से हो रहा है, जो कला और संस्कृति प्रेमियों के लिए एक विशेष आकर्षण होने वाला है। महोत्सव में शास्त्रीय संगीत के प्रख्यात गायक पंडित राजेंद्र वैष्णव अपनी मधुर आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे, वहीं कथक की प्रसिद्ध नृत्यांगना शमा भाटे ग्रुप अपनी भावपूर्ण और लयबद्ध प्रस्तुति से समां बांधेंगी। यह आयोजन वसंत ऋतु के आगमन का उत्सव मनाने के साथ-साथ भारतीय शास्त्रीय कला की समृद्ध परंपरा को भी प्रदर्शित करेगा। निश्चित रूप से यह दर्शकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। यह आयोजन प्रतिदिन शाम को 7 बजे शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच पर होंगे। इसमें आमजन के लिए निःशुल्क प्रवेश रहेगा।

केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि पंडित राजेंद्र वैष्णव, जोधपुर के प्रसिद्ध हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक हैं, जो जयपुर-अत्रौली घराने की समृद्ध परंपरा से जुडी हैं। उनकी गायकी में रागों की शुद्धता, जटिल तानों और आलाप की सूक्ष्मता स्पष्ट झलकती है। उन्होंने जोधपुर सहित देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में भाग लिया है, जहाँ उनकी प्रस्तुतियों को अत्यधिक सराहा गया। वे न केवल एक कुशल गायक हैं, बल्कि शास्त्रीय संगीत के प्रचार-प्रसार में भी सक्रिय हैं। उनके शिष्य और संगीत प्रेमी उन्हें समर्पित शिक्षक के रूप में देखते हैं। उनकी प्रस्तुतियों में राग मारवा, दरबारी और भैरवी को विशेष मान्यता मिली है। निदेशक फुरकान खान ने बताया कि शमा भाटे, जिन्हें शमा ताई के नाम से जाना जाता है, प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना, शिक्षिका और कोरियोग्राफर हैं। उन्होंने मात्र 4 वर्ष की उम्र में कथक सीखना शुरू किया और 40 से अधिक वर्षों से इस कला में सक्रिय हैं।

## मिट्टी के मलबे में दबने से एक महिला की मौत

**उदयपुर, ।** जिले के झाड़ोल थाना क्षैत्र में घरेलू काम के लिए मिट्टी निकालते समय मलबा ढहने से दबने से एक महिला की मौत हो गई तथा एक महिला घायल हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को झाड़ोल थाना क्षैत्र लुणावतों का खेड़ा के पास पहाड़ी से मिट्टी निकालते समय मलबा ढहने पर मोहनी बाई पत्नी सूरज बडेरा निवासी लूनावतों का खेड़ा झाड़ोल तथा कंकू बाई पत्नी उदयलाल वडेरा निवासी लुनावतों का खेड़ा मिट्टी के मलबे में दब गई। सूचना पर झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में एएसआई प्रवीण, हेडकांस्टेबल सूरजमल, कांस्टेबल बालूराम, मदन, महिला कांस्टेबल दुर्गा के साथ मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों के साथ रेक्स्यू कर दोनों महिलाओं को बाहर निकाल सीएचसी झाड़ोल लेकर पहुंचे। जहां मोहनी की मौत हो गई तथा कंकू का उपचार चल रहा है। इस पर थानाधिकारी फैलीराम ने मृतका के पीहर पराई थाना नाई से परिजनों को बुलवा कर उनकी मौजूदगी में मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# पेसिफिक में बैंकिंग व सेवा क्षेत्र में उभरते पेशे पर व्याख्यानमाला

**उदयपुर ।** पेसिफिक यूनिवर्सिटी के पेसिफिक इंस्टीटयूट ऑफ बिजनेस स्टडीज में बीबीए और बी.कॉम छात्रों के लिए बैंकिंग, बीमा, मार्केटिंग, इवेंट इत्यादि सेवा क्षेत्रों में उभरते पेशे पर व्याख्यानमाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सेवा क्षेत्र में विकसित हो रहे करियर अवसरों से अवगत कराना और उन्हें इस गतिशील क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान करना था। मुख्य वक्ता एम प्रोफेशनल एजुकेशन के सीईओ तरुण टाक ने अपने व्यापक अनुभव साझा किए और नए युग के व्यवसायों, आवश्यक कौशल और करियर उन्नति के लिए रणनीतियों पर जानकारी दी। उनके प्रेरक प्रस्तुतीकरण और वास्तविक उदाहरणों ने छात्रों पर गहरा प्रभाव डाला। आज सेवा क्षेत्र पूरी तरह से डिजिटल बदलाव की ओर बढ रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और ब्लॉकचेन जैसी तकनीकें ही गुणवत्ता तय कर रही हैं। इस सत्र का संयोजन डॉ. प्रियंका चौधरी ने किया और समन्वयक के रूप में डॉ. दीपिका चपलोत, डॉ. मोहम्मद आबिद,

■ मुख्य वक्ता एम प्रोफेशनल एजुकेशन के सीईओ तरुण टाक ने अपने व्यापक अनुभव साझा किए

भरत साल्वी और गिरीश कुमावत ने भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अनुराग मेहता ने छात्रों को उद्योग की प्रवृत्तियों से अवगत रहने के महत्व पर जोर दिया और उन्हें ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, आज की तेज रफ्तार दुनिया में उभरते पेशों के साथ तालमेल बिठाना एक सफल करियर बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। ऐसे सत्र शैक्षणिक ज्ञान और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की खाई को पाटने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम समापन एक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जहां छात्रों ने उत्सुकता से अपने प्रश्न पूछे और करियर संभावनों तथा व्यावसायिक विकास पर बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## शिकायत समिति गठन के निर्देश

**उदयपुर, ।** कार्यस्थल पर महिलाओं के लैगिंक उत्पीड़न अधिनियम - 2013 के तहत प्रत्येक राजकीय व निजी कार्यस्थलों में आंतरिक शिकायत समितियों का गठन अनिवार्य है। जिला कलक्टर नमित मेहता ने जिले के सभी उपखण्ड अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में संचालित कार्यालयों में समिति गठित कराते हुए शी बॉक्स पोर्टल पर इंद्राज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। जिला कलक्टर की ओर से जारी आदेश के अनुसार ओरेलियानो फर्नांडिस बनाम गोवा एवं अन्य राज्य के प्रकरण में सर्वाच्च न्यायालय की ओर से दिए गए निर्णय की अनुपालना में जिले के प्रत्येक राजकीय व निजी कार्यस्थलों पर समिति गठित की जानी है। इसके लिए संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला कलक्टर ने सभी कार्यस्थलों पर समिति गठित कर पोर्टल पर इंद्राज कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशों की अनुपालना नहीं करने वाले नियोक्ताओं के विरूद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

# 'कृषि में संकट और तनाव' विषयक कार्यशाला शुरू

**उदयपुर, ।** सुदूर गांवों- कस्बों में निवासरत जनमानस तक विभिन्न विषयों की जानकारी मुहैया कराने का सशक्त माध्यम है रेडियो-टेलीविजन। 'कृषि में संकट और तनाव' विषयक कार्यक्रमों की अवधारणा और डिजाइन तैयार करने तथा प्रसारण के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला गुरूवार को यहां प्रसार शिक्षा निदेशालय सभागार में आरंभ हुई। कार्यशाला में बारह राज्यों के आकाशवाणी और दूरदर्शन में कार्यरत 30अधिकारी भाग ले रहे हैं।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली (आईसीएआर) के अधीन कृषि तकनीकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी) जोन द्वितीय, जोधपुर तथा राष्ट्रीय प्रसारण एवं मल्टीमीडिया प्रसार भारती, नई दिल्ली (एनएबीएम) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला की मेजबानी प्रसार शिक्षा निदेशालय, एमपीयूएटी कर रहा है। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि कृषि क्षेत्र लंबे समय से भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ रहा है जो राष्ट्रीय आय और रोजगार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारतीय कृषि की यात्रा 1950 में मात्र 50 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन के साथ शुरू हुई, तब से हमने पीछे मुडकर नहीं देखा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दशकों में विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों ने अर्थव्यवस्था की वृद्धि में तेजी से योगदान दिया है जबकि कृषि क्षेत्र का योगदान कम हुआ है। भारत में अभूतपूर्व कृषि संकट काफी लंबे समय से किसानों को प्रभावित कर रहा है। इनके पीछे के कारणों पर विचार करना होगा। हाल के वर्षों में चरम जलवायु घटनाओं के साथ-साथ बाजार और मूल्य में उतार चढाव के चलते किसानों को कई बार आत्महत्या तक के लिए मजबूर होना पडा। प्रसार भारती की अतिरिक्त महा निदेशक अनुराधा अग्रवाल ने कहा कि पर्याप्त प्रचार प्रसार के अभाव में किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित है। अटारी जोधपुर के निदेशक डॉ. जे.पी. मिश्रा ने कहा कि देश में वर्तमान में किसान किन समस्याओं का सामना कर रहा है।

**युवक की मौत :-** शहर के सविना थाना क्षेत्र में पत्थर खदान में गिरने से युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार अर्जुनलाल (25)की पत्थर खदान में गिरने से मौत हो गई।


**पर्यावरण स्वीकृती सुचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण राजसमन्द (राज.) के पत्र क्रमांक F-1/DEIAA/Mines/2016/299 दिनांक 06/07/2016 द्वारा श्रीमती नीलू कोठारी, निकट ग्राम उमठी, तहसील व जिला राजसमन्द (राज.) में स्थित खनन पट्टा संख्या 65/1993, क्षैत्रफल 0.4958 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 13,734TPA (ROM) वास्ते खनिज मार्बल के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी कि गई है। पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है।

श्रीमती नीलू कोठारी


# उदयपुर में औद्योगिक विकास के लिए कलक्टर की पहल

**उदयपुर, ।** जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में गुरूवार को औद्योगिक विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र की बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्ट्रेट स्थित मिनी सभागार में आयोजित बैठक में प्रशासन और विभिन्न औद्योगिक संघों के पदाधिकारियों ने एक मंच पर आकर औद्योगिक निवेश के अनुकूल माहौल तैयार करने और मौजूदा औद्योगिक इकाइयों के समग्र विकास पर चर्चा की। इस दौरान उदयपुर चौम्बर ऑफ कॉमर्स, लघु भारती उद्योग, उदयपुर

■ समस्याओं का समाधान और एमओयू की समीक्षा

मार्बल एसोसिएशन, कैमिकल मैनुफैक्चर्स सहित अन्य औद्योगिक संघों के पदाधिकारियों ने अपनी समस्याएं बताई और महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

जिला कलक्टर मेहता ने सभी औद्योगिक संघों के पदाधिकारियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इनवेस्टर्स समिट के तहत हुए एमओयू की प्रगति की समीक्षा की।

जिला कलक्टर ने गत बैठक में व्यापारिक संगठनों द्वारा उठाए गए मुद्दों के निस्तारण की जानकारी भी ली। उदयपुर चौम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एम. एल लूणावत ने गत बैठक में सुखेर, गुडली और कलड़वास (विस्तार) में जीएसएस लगाने की प्रगति उठाया था। इस पर एवीवीएनएल के अधिकारी ने बताया कि सुखेर, गुडली में जीएसएस का कार्य पूर्ण कर दिया गया है और कलड़वास (विस्तार) में कार्य जारी है। वहीं, उदयपुर मार्बल प्रोसेसर्स बिना पूर्व सूचना के विद्युत सप्लाई बंद करने से होने वाली समस्या बताई। इस पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारी को कहा कि संबंधित औद्योगक क्षेत्र के जेईएन को इस बारे में पाबंद करें कि बिना पूर्व सूचना के विद्युत सप्लाई बाधित नहीं हो। यदि किसी कारणवश औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत कटौती करनी पडे.तो कम से कम दो दिन पहले सूचित करें। शैड्यूल के अनुसार कटौती हो। जिला कलक्टर ने मादड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सड़क मरम्मत, मेवाड़ औद्योगिक क्षेत्र में रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण, सुखेर-बेदला लिंक रोड की मरम्मत, बेड़वास में पानी की निकासी सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

राइजिंग राजस्थान इनवेस्टर्स समिट के दौरान हुए एमओयू की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने विभागवार अधिकारियों से एमओयू की प्रगति जानी। जीएम डीआईसी शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इनवेस्टर्स समिट से लेकर अब तक 569 एमओयू हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा 196 एमओयू पर्यटन विभाग से संबंधित हैं। जिला कलक्टर ने विभागवार एमओयू की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी राज निवेश पोर्टल को नियमित रूप से देखें और श्रेणीवार एमओयू की प्रगति सुनिश्चित करें। ऐसे एमओयू धारक जिनके पास खुद की जमीन है, उनकी शेष औपचारिकताओं को निस्तारित करें।कि


**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द (राज.)**

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा/उप.एकी./2025/17586 दिनांक : 27/02/2025

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है किनिम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का पूर्नगठन /उपविभाजन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर पूर्नगठन /उपविभाजन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो 7 दिवस(कार्य दिवस ) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्री मोहम्मद आरीफ पिता श्री मोहम्मद शब्बीर निवासी सिंघवी जी की हवेली घाटी पर नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या -07 ए क्षेत्रफल 700 वर्गफीट, गिर्राज दर्शन कॉलोनी, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या 04 | 30 फिट चौड़ा रोड़ | भूखण्ड संख्या 08 | भूखण्ड संख्या 07 बी |
| 2 | श्रीमती रूबिना डायर पत्नी श्री मोहम्मद रईस निवासी कैशव कॉम्पलेक्स के पीछे ,नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या -07 बी क्षेत्रफल 700 वर्गफीट, गिर्राज दर्शन कॉलोनी, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या 04 | 30 फिट चौड़ा रोड़ | भूखण्ड संख्या 07 ए | भूखण्ड संख्या 06 |
| 3 | श्रीमती रिजवाना पत्नी श्री मोहम्मद सकिल निवासी नया मोहल्ला, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या -11 ए क्षेत्रफल 700 वर्गफीट, गिर्राज दर्शन कॉलोनी, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या 11 बी | भूखण्ड संख्या 27 | 40 फिट चौडा रोड | भूखण्ड संख्या 12 |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा